

वृक्षारोपण के लिये डिवाइडर पर खुदवाऐ गड्ढे

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 26 जुलाई। नगर परिषद द्वारा आज मुरेना रोड पर वृक्षारोपण हेतु डिवाइडर पर गड्ढे खुदवा कर पेड लगाने का काम शुरू कर दिया है। नगर परिषद अध्यक्ष कंचन पिंटू राठौर एंव राकेश चौधरी पार्षद वार्ड नं 2 व सीएमओ मनोज शर्मा द्वारा कस्वे मे ब्रक्षारोपण के कार्यक्रम को प्रमुखता से लेते हुऐ जगह जगह ब्रक्षारोपण किया जा रहा हैं । लगाए गये पौधों की रक्षा सुरक्षा हेतु स्थानीय लोगो कौ जिम्मेदारी सौपकर उनके पालन पोषण की व्यवस्था करते हुऐ स्थानीय लोगों से आग्रह किया गया है। पौधों लगाना आसान हे मगर उनकी देखभाल पालन पोषण करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है हम सब मिलकर अपने कस्वे कौ हराभरा बनाने एंव वायु प्रदूषण से मुक्त बनाऐ रखने मे अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने कस्वे मे अधिक से अधिक वृक्षारोपड़ के महान कार्य में पौधे लगाए और उनका पालन पोषण कर उन्हें बट ब्रक्ष बनाने मे सहयोग प्रदान करे। वृक्षारोपड़ कार्य महान, एक वृक्ष दस पुत्र समान।

कोठी मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 15 दिन में , एसडीएम मामले का कराएं निराकरण

भिण्ड। लहार में बहुचर्चित पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह कोठी अतिक्रमण मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनबाई करते हुए फरियादी को 15 दिन का समय दिया है और कहा है कि लहार एसडीएम कोर्ट में मामले की सुनबाई कर आगे की कार्यबाही को अंजाम दिया जाए। जानकारी के अनुसार लहार में पूर्व पार्षद बाबूलाल टैंगोर की शिकायत के मामले में सुनवाई करते हुए सरकारी रास्ते की नाप हेतु टीम गठित की गई और लगातार दो दिन हुई नाप में कोठी को 2715 नम्बर में बना पाया गया और सरकारी जमीन को निकलबने के लिए नोटिस जारी किए गए जिसके तहत मामले की सुनवाई आज सुप्रीम कोर्ट में चली और माननीय सुप्रीम कोर्ट ने आवेदक को पन्द्रह दिन का समय देते हुए कहा कि एसडीएम कोर्ट में पुन: अपील करते हुए एसडीएम लहार मामले की सुनबाई करें यह फैसला बरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर पन्द्रह दिन का समय मांगा ओर एसडीएम को ही मामले में सर्वोपरि मानकर मामले की सुनवाई हेतु आदेशित किया ।

गुरु ही जीवन रूपी नौका को पार लगाता है – विमल

भिण्ड। गुरु की विशाल महिमा हमारे शास्त्रों में बताई गई है। गुरु ही जीवन रूपी नौका को पार लगाता हैं। यह बात जैन कालेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमजेएस कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. मालवीय विमल ने कही। विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य जैन कालेज प्रोफेसर अनीता जैन ने कहा कि आज गुरु शिष्य की परंपरा लुप्त हो गई है। हमें इस परंपरा को जीवित रखना है। साथ ही उन्होंने शासन के निर्णय के बारे में बताते हुए कहा कि अब श्कुलपतिश् को श्कुल गुरुश् के रूप में जाना जाएगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर हरेंद्र देव शर्मा ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला एवं प्रोफेसर सीमा शर्मा ने गुरु के रूप में मां की महिमा को बताया कि मां बच्चे की प्राथमिक गुरु होती है। इस दौरान प्रोफेसर रंजना यादव के साथ अन्य प्रोफेसरों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे।

तालेश्वर सरकार पर हो रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक

नवभारत न्यूज
लहार, 26 जुलाई। लहार नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तालेश्वर सरकार भाटनताल पर श्रावण मास के शुरुआत से महीने भर में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है जिसमे लहार नगर के धर्म प्रेमी बंधु माता बहिनें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है एवं प्रतिदिन लोगों द्वारा मुख्य यजमान बनकर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन आरती करता है एवं भगवान की आरती करते है तालेश्वर समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि हर बर्ष तालेश्वर मंदिर पर सामूहिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक करते है ओर यह आयोजन श्रावण माह में पूरे माह किया जाता है समिति ने सभी भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पार्थिव शिवलिंग पूजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें, इस बार मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि पाराशर ने यह निर्णय लिया है कि जो यजमान अभिषेक पूजन करते हैं उन्हें भगवान का छायाचित्र भी भेट किया जाए इसलिए जो यजमान अभिषेक पूजन कर रहे हैं उन्हें भगवान का छायाचित्र भेंट किया जा रहा है।

रेखा तोमर के समर्थन में उतरे करणी सेना के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज
लहार, 26 जुलाई । लहार विधानसभा के ग्राम असवार की निवासी क्षत्रिय समाज की बेटी रेखा तोमर द्वारा सोशल मिडिया पर जारी किये गये विडियो में कहा गया था कि मेरे प्लाट पर जबरन कब्जा कर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने लालसिंह पैलेस मैरिज गार्डन् बनवा दिया। उन्होंने क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज से मदद करने की गुहार भी लगाई थी।

उनके साथ हो रहे अन्याय की जानकारी जव क्षत्रिय करणी सेना परिवार के रायपुर जिला अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष (छत्तीसगढ़) के कायम

सिंह को मिली तो उन्होंने रेखा तोमर के समर्थन में अपना बयान जारी करते हुए कहा कि मे बहन रेखा तोमर के समर्थन में हूं उसके हक का प्लाट है वह उसे मिलना चाहिए उसमें ब्राह्मण और क्षत्रिय वाला विवाद नहीं होना चाहिए जो अन्याय है मैं उसके खिलाफ खड़ा हूं चाहे वह क्षत्रिय हो या अन्य समाज बहन रेखा तोमर का प्लाट मिलना चाहिए उसके साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जल्द सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो रेखा तोमर के साथ हजारों युवा उतरेंगे मैदान में: लहार विधानसभा के ग्राम रुरई के निवासी क्षत्रिय समाज के युवा नेता शैलेन्द्र सिंह चौहान ने लहार के पूर्व विधायक को चेतावनी देते हुए कहा कि में बहन रेखा तोमर के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा हूं में किसी राजनीतिक पार्टी की वात नहीं कर रहा हूं मैं अन्याय और अत्याचार का विरोध कर रहा हूं और मेरी बहन रेखा तोमर के प्लाट पर जबरन कब्जा करने वालो को चेतावनी दे रहा हूं कि रेखा तोमर का प्लाट खाली कर दे अन्यथा मेरे जैसे हजारों क्षत्रिय युवा रेखा तोमर के समर्थन में उतरकर बडा आंन्दोलन करके प्लाट की वापसी की मांग करेंगे।

गोहद चौराहा क्षेत्र में बोलेरो और ट्रक का एक्सिडेंट होने से 14 घायल

गोहद। गोहद चौराहा के अंतर्गत हाइवे रोड पर बोलेरो और ट्रक का एक्सिडेंट हो जाने से 14 व्यक्ति घायल हो गए हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 में 25 जुलाई को प्राप्त हुई। डायल-112, 100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि बोलेरो गाड़ी और ट्रक की टक्कर हो जाने से कुल 14 व्यक्ति घायल हो गए थे। घायल व्यक्तियों को डायल-112, 100 स्टाफ ने एफ.आर. व्ही वाहन, थाना वाहन एवं चिकित्सा वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया ।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई रामकथा

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 जुलाई । मेहगांव नगर के प्राचीन मंदिर खेड़ापति हनुमान दरबार पर आयोजित होने जा रही संगीतमय श्रीरामकथा , संकटमोचन हनुमत यज्ञ एवम रुद्राभिषेक के साथ साथ विशाल संत सम्मेलन के कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ रामधुन के साथ निकाली गई जिसमें आश्रम के सेवको ने यात्रा पर पुष्पवर्षा की इसी बीच कथावाचक पं विमलेश त्रिवेदी जी ने बताया कलियुग में राम नाम से मनुष्य के विगड़े कार्य बन जाते है इसीलिए सभी मनुष्यों को राम नाम का ही सहारा लेना चाहिए क्योंकि राम बड़े ही दयालु है भक्तों की पुकार सर्वप्रथम सुन कर कृपा करते है। कलश यात्रा में कार्यक्रम के संयोजक श्री श्री 1008 शान्ति दास जी महाराज के साथ नगर के नागरिक उपस्थित रहे।

छात्राओं से पूछा, स्कूल आते-जाते रास्ते में कोई मनचला परेशान तो नहीं करता

एसडीओपी सरकारी कन्या उत्कृष्ट स्कूल पहुंचे, छात्राओं ने बेझिझक बताई परेशानी

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 जुलाई । मनचलों की ताकत डर है, क्योंकि उनकी हरकतों की वजह से छात्राएं और महिलाएं डर जाती हैं, लेकिन डरने की जरूरत नहीं है। अपने मन में घुसे डर को बाहर निकालें। खुलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करें तथा परेशान करने वाले के बारे में शिकायत करें। पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह बात मेहगांव एसडीओपी संजय कोच्छा ने मंगलवार को सरकारी कन्या उत्कृष्ट स्कूल में छात्राओं से चर्चा करते हुए कही।

एसडीओपी ने कहा कि स्कूल से आते जाते समय किसी भी छात्रा को कोई परेशानी हो तो तुरंत डायल 100 पर शिकायत करें। उन्होंने छात्राओं से अपनी स्वतंत्रता के साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला हेल्पलाइन का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। छात्राओं से कहा कि अगर किसी भी छात्रा को कोई रिश्तेदार, भाई का दोस्त, सगा संबंधी कोई भी परेशान करता है तो उसकी शिकायत तुरंत करें। सभी छात्राओं को इंटरनेट मीडिया और साइट पर गलत मैसेज या वीडियो डालने से बचने के लिए कहा। कोई भी छात्रा वाट्सअप नंबर और फेसबुक पर अपना फोटो अपलोड न करें। उन्होंने छात्राओं को गुड टच तथा बेड टच के बारे में भी समझाया। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करते वक्त घबराना नहीं चाहिए। एसडीओपी कोच्छा ने कहा कि स्कूल खुलने के वक्त और छुट्टी के समय आसपास रहती है। यदि कोई भी लड़का किसी छात्रा के साथ छेड़छाड़ करता है तो उसकी शिकायत स्कूल शिक्षिकाओं, स्वजनों व महिला हेल्पलाइन को बेहिचक बता सकती है। उन्होंने सभी छात्राओं को पुलिस में भर्ती होने की प्रक्रिया और योग्यता के बारे में बताते हुए भर्ती होकर महिलाओं की सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ज्ञानसिंह, शिक्षक महेंद्र सिंह, दिनेश थापक, नम्रता राठौर, रीना गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट व मकानों की ई.के.वाई.सी अवश्य करवाऐं

भिण्ड। धोखाधडी व असुविधा से बचने हेतु नजदीकी सी.एस.सी. कम्प्यूटर सेंटर पर जाकर ई.के.वाई.सी. करवाऐं समग्र आई. डी. आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, खसरा नकल साथ में ले जाऐं समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ होने के लिये सभी खाताधारक, भूमिस्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज है उनकों अपने-अपने भू-खण्ड व कृषि भूमियों की समग्र आई.डी. व आधार कार्ड से ई.के.वाई.सी कराना अति आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेराफेरी व जमीन संबंधी गडबडियों से बचना चाहते हो और अपने भूखण्डध्मकानध्दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित करना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सी.एस.सी. कम्प्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट व मकानों की ई.के.वाई.सी अवश्य करवाऐं और शासन की योजनाओं का लाभ लें व होने वाली धोखाधडी व असुविधा से बचें। ई.के.वाई.सी. हेतु अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे- समग्र आई. डी. आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, खसरा नकल साथ में ले जाऐं और शीघ्र अति शीघ्र ई.के.वाई.सी. करवाऐं।

35 दिवसीय णमोकार महामंत्र अनुष्ठान को लेकर जैन श्रावकों में उत्साह का माहौल

हमें कितनी भी मुश्किल आए, मगर कभी भी प्रभु की भक्ति नही छोड़नी चाहिए -मुनिश्री

24 जुलाई से 28 अगस्त तक 35 गुरु परिवार द्वारा 35 दिवसीय 35 मंडलीय विधान आयोजित हो रहा

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 जुलाई । जिस परमेश्वर को हम प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके गुणों का ज्ञान हमारे जीवन में होना बहुत जरूरी है।उसकी प्राप्ति के लिए हमारे जीवन में सबसे पहले तपस्या, संयम, आराधना, समर्पण, आस्था



तथा अटूट विश्वास के साथ श्रद्धा आस्था का निर्माण होना चाहिए। हमें जीवन में कितनी भी मुश्किल आ जाए मगर कभी भी प्रभु की भक्ति नही छोड़नी चाहिए। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज गुरुवार को महावीर कीर्ति स्तंभ में पुण्य शुद्धि वर्धक वर्षायोग समिति के द्वारा आयोजित 35 दिवसीय णमोकार महामंत्र विधान में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच पर क्षुल्लक श्री विधेय सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने युवाओ के संबंध में कहा कि जैन धर्म संस्कृति धरोहर को बचाने के लिए युवाओं की समाज में आवश्यकता बहुत जरूरी है। माता पिता अपने बेटे को धर्ममार्ग लगाने की जगह विदेशों में नौकरी के लिए भेजा रहे है।हमारा जैन धर्म युवाओं के बिना बेकार है, धर्म बचाना अब युवाओं के हाथ में है। मुनिश्री के चरणों में पुण्य शुद्धि वर्धक वर्षायोग की अध्यक्ष सपना जैन, उपाध्यक्ष सुनीता मोदी, सुमन जैन, तनु दिव्या जैन, नेहा जैन, ज्योति जैन, मुन्नालाल जैन, अंशिका जैन, मनमोहन जैन, विक्की जैन, संगीता पवैया, अभिषेक जैन, रेखा जैन, नैंसी जैन, प्रीति जैन सहित पुण्य शुद्धि वर्धक चातुर्मास समिति के सदस्यों ने श्रीफल भेंटकर मंगल आशिवाद लिया।

मुनिश्री श्री ने भगवान जिनेंद्र का कराया अभिषेक, विधान में चढ़ाए महा अर्घ्य

मुनिश्री के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के द्वारा णमोकार महामंत्र महा मंडल विधान में इंद्रो ने पीले वस्त्र धारण कर कलशों में शुद्ध जल भरकर भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ अभिषेक किया। मुनिश्री ने मंत्र से भगवान जिनेंद्र की बृहद शांतिधारा कराई। 35 दिन तक चले वाले णमोकार महामंत्र विधान में मुनिश्री विनय सागर जी महाराज ने स्वयं अपने मुख्यबिंद से णमोकार चालीसा का पाठ करते हुए संगीतकार विशाल जैन के साथ भजनों के साथ प्रत्येक परिवार के इंद्रा इंद्राणी विधान मंडल पर श्रीफल महाअर्घ्य समर्पित कर रहे हैं। इस अनुष्ठान में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु णमोकार महामंत्र का जाप कर रहे हैं। जैन समाज के लिए णमोकार महामंत्र का विशेष महत्व है। प्रत्येक जैन सुबह उठते ही नौ बार णमोकार एवं रात को सोते वक्त भी 9 बार णमोकार महामंत्र का जाप करता है।शाम को भगवान एवम गुरुदेव की आरती उपरांत भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया।

34वीं पुण्य स्मृति दिवस पर नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

नेत्र जांच एवं आपरेशन शिविर सच्ची मानव सेवा : अनिल शर्मा

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 जुलाई । स्वर्गीय मथुरा प्रसाद शर्मा की 34वी पुण्य स्मृति पर भारत विकास परिषद शाखा भिंड एवं रतन ज्योति चौरिटेबल फाउंडेशन ग्वालियर के सहयोग से निरूशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शहर के के.जी.एन. गार्डन, गाँधीनगर, बसस्टेंड के सामने, भिंड में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में कुल 74 रोगियों की आंखों का

परीक्षण करते हुए उनको परामर्श के साथ ही उपचार के लिए दवाईयों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में 18 रोगियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में चयनित मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए रतन ज्योति नेत्रालय ग्वालियर भेजा गया। उनके मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी श्री अनिल शर्मा, भाविप शाखा भिंड के अध्यक्ष कमलेश सेंथिया, एवं परिजनो ने श्री शर्मा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। श्री शर्मा ने कहा नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर नर सेवा नारायण सेवा का कार्य है, समय-समय पर विभिन्न जगहों पर निरूशुल्क नेत्र जांच एवं आपरेशन शिविर लगाकर गरीब और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को निरूशुल्क आपरेशन करके पुण्य का कार्य कर रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। श्री सेंथिया जी नें परिषद द्वारा चल रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाखा सचिव राजमनी शर्मा, शाखा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जोशी, जय प्रकाश शर्मा, विनोद दूरवार, शरीफ खान, अमित पाल सिंह राठौर आदि सहित गणमान्यजन उपस्थित रहें।

एक नजर में

मौ मेला उत्सव में उमड़ रही सैलानियों की भीड़

मौ। मौ नगर में मेला महोत्सव का आयोजन 21 जुलाई से लेकर 25 अगस्त तक किया जा रहा है जिसमें नगर परिषद ने व्यवस्था को देखते हुए मौ नगर सहित आस पास ग्रामीण अंचल के लोग भी आ रहे है,मौ नपा अध्यक्ष वंदना यादव पत्नी सज्जन सिंह यादव ने बताया कि मेला का भब्य शुभारंभ गत दिवस 21 जुलाई को अपराहन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला केबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश शासन एवं अध्यक्षता श्री लाल सिंह आर्य ने की, कार्यक्रम मे कव्वाली ,भजन संध्या, रामलीला,कवि सम्मेलन,नगर की और से मेले का भब्य तरीके से शुरूआत किया गया,इसमें समस्त पार्षदगढ़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री महेश पुरोहित , एवं मौ नगर की जनता भी मेले आनंद ले रही है।

पदस्थ सचिव की तानाशाही से हो रहे लोग परेशान

भिण्ड। जानकारी के अनुसार लहार अनुभाग के ग्राम पंचायत रमपुरा में पदस्थ सचिव की तानाशाही से हो रहे लोग परेशान। परिवार आईडी में बच्चों के नाम नहीं जोड़ने की वजह से बच्चों के स्कूल में एडमिशन नहीं हो पा रहे हैं और केवाईसी न होने की वजह से निवास प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे हैं। पंचायत के लोगो द्वारा बताया गया कि सचिव के पास परिवार आईडी के लिए जाते है तो 500 रु. मांगने लगते है, न देने पर महीनों तक घुमाते है फिर भी आईडी नही बनाते है जिससे हमारे बच्चों को पढ़ाने में दिक्कत आ रही है यदि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सदस्य का नाम जुड़वा लेते हैं या केवाईसी करवा लेते है तो उसे सचिव द्वारा महीनों तक वेरीफाई नहीं किया जाता है।

हरिद्वार से कांवड़ लेकर भिंड पहुंचे शिव भक्त

भिंड। हरिद्वार से पैदल 51लीटर की कांवड़ लेकर पहुंचे आदिनाथ ग्रुप के सात सदस्यीय दल ने अटेर रोड स्थित बरगदेश्वर महादेव मंदिर श्री बड़े हनुमान जी मंदिर परिसर पर युवा शिवभक्तों ने कावड़ चढ़ाई। इस कावड़ यात्रा को युवा कांवरियों ने 14 दिन में पैदल यात्रा पूरी की। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक एवं युवा नेता आशीष बोहरे ने श्री बड़े हनुमान जी मंदिर परिसर पर इन युवा कांवरियों पंकज शुक्ला, छोटु , मोहित समाधिया , संदीप सिंह,लालू,कंचन का एवं हाल ही में साइकिल से काशी विश्वनाथ महादेव एवं बैद्यनाथ धाम के दर्शन कर आए शिवभक्त सौरव पंडित एवं राघव का तिलक लगाकर, पाटिका डालकर, मिठाई खिलाकर एवं बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि शिवभक्तों को पूरे साल इस माह का बेसब्री से इंतजार रहता है और सावन शुरू होते ही भक्तों में गजब का उत्साह और जोश देखने को मिलता है। इस बार हमारे जिले से पहली बार आदिनाथ ग्रुप के युवा शिवभक्तों ने 51 लीटर के कावड़ हरिद्वार से पैदल यात्रा कर जिले में लेकर आए ।यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। युवा नेता आशीष बोहरे ने कहा कि भगवान शिव में आस्था रखने वाले श्रद्धालु हर साल सावन माह की शुरुआत होते ही हरिद्वार की ओर निकल पड़ते हैं। सभी की आस्था अलग-अलग होती है, कोई हरिद्वार से कांवड़ लेकर आता है तो कोई गंगाजल लेकर ही अपने घर पहुंचता है। हिंदू धर्म में कांवड़ यात्रा को हर साल उत्सव की तरह देखा जाता है। इस अवसर पर विकास बोहरे सरपंच,सत्यम पंडित,राजकुमार शर्मा,छोटू पंडित, शैलू शर्मा,कमल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को व्यवसायिक मार्गदर्शन के लिए काउन्सिलिंग

भिण्ड । जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित केरियर काउन्सिलिंग योजना अर्न्तगत शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को व्यावसायिक मार्ग-दर्शन सहायता हेतु केरियर काउन्सिलिंग के तहत स्कूली बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों, प्रोफेशनल कोर्स रोजगार एवं स्वरोजगार की जानकारी प्रदाय करने हेतु विषय विशेषज्ञध्मनोवैज्ञानिक (काउंसलर्स) की आवश्यकता है। ताकि समय-समय पर केरियर काउन्सिलिंग का कार्यक्रम विद्यालय महाविद्यालय में छात्रछात्राओं को मार्गदर्शन प्रदाय हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा सके। यह किसी प्रकार का जॉब नहीं है इस में आवश्यकतानुसार काउन्सिलिंग हेतु आमंत्रित किया जावेगा। मनोवैज्ञानिक हेतु अनिवार्य योग्यता एमए (मनोवैज्ञानिक) पीजी डिप्लोमा इन कैरियर काउंसिलिंग अथवा समकक्ष है। विषय विशेषज्ञ हेतु डिग्री डिप्लोमा के साथ एडमीशन प्रतियोगी परीक्षाओं या स्वरोजगार के क्षेत्र में अनुभव हो। केरियर काउंसिलिंग योजनार्न्तगत शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को व्यवसायिक मार्गदर्शन सहायता हेतु इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन अंतिम तिथि 05 अगस्त 2024 को सायंकाल 06 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड में जमा करें।

चम्बल प्रदेश गठन की माँग को लेकर राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष को लिखा पत्र

भिण्ड। राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पृथक चम्बल प्रदेश गठन की माँग के संयोजक नरसिंह कुमार चौबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चम्बल नदी का उदय मालवा मध्यप्रदेश में हुआ है। मालवा से चली चम्बल नदी राजस्थान और मध्यप्रदेश की सीमा पर बाँधों का निर्माण होने से किसानों की समस्याओं का निदान हुआ और किसान खुशहाल हुआ और चम्बल अंचल में आकर चम्बल नदी का अस्त हुआ। यहां पर चम्बल नदी का पानी ऐसा है कि किसान वर्षा के पानी पर निर्भर रहता है जबकि अंचल में पांच-पांच नदियों का जलसंगम है। क्वारी, चम्बल, यमुना और पहुज जलसंगम पर पंचनदा बाँध की परियोजना 25 अक्टूबर 1983 में बनाई गई थी। केन्द्र सरकार से योजना के लिए लाखों अरबों रूपये का बजट आता रहा है, लेकिन पचनदा बाँध परियोजना पर काम आज दिनांक तक शुरू नहीं हो पाया है। चौबे ने बताया कि अगर पचनदा बाँध का निर्माण हो जाता है तो चम्बल अंचल में भूमि कटाव कम होता, जमीन का वाटर लेवल कम नहीं होता। सिंचाई, बिजली समस्या का समाधान होता, चम्बल अंचल में नदियों का पानी ऐसा है कि किसान वर्षा पर निर्भर रहता है और किसान कर्ज में डूबा रहता है। किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा । चौबे ने बताया कि चम्बालंचल की समस्या और निदान के मुख्य बिन्दुओं को लेकर राष्ट्रीय हनुमान सेना पार्टी द्वारा 27 दिसम्बर 1999 से पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग की गई है। इसमें उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती अन्तिम छोर पर 22 जिलों को मिलकार पृथक चम्बल प्रदेश गठन की मांग की गई है। उत्तरप्रदेश से आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी और ललितपुर। मध्यप्रदेश से गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर और भिण्ड। राजस्थान से धौलपुर, करौली, सवाई माधौपुर, कोटा, बारा, झालावाड़ जिले शामिल हैं। चौबे ने बताया कि पृथक चम्बल प्रदेश गठन की माँग को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व युवा नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर चम्बल प्रदेश गठन की मांग को लोकसभा में संसदीय पटल पर रखने का अनुरोध किय गया है।

शिक्षकों व कर्मचारियों को ग्यारह माह से नही मिला वेतन

लहार। अजाक विभाग भोपाल द्वारा अनुदानित कर्मचारियों को पिछले ग्यारह माह से वेतन नही मिला है, अशोक प्रा.मा.उ.माध्यमिक लहार,डॉ बी आर अम्बेडकर प्रा.मा.विद्यालय जगदीशपुरा,संत रविदास प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय खेरी का पुरा, अ. जा.उ.माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुरा आदि स्कूलों कार्यरत कर्मचारियों व शिक्षकों को पिछले ग्यारह माह से वेतन नही मिला है, जिस कारण से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल द्वारा शत प्रतिशत अनुदानित कर्मचारी हैं जिन्हें माह सितंबर 2023 से जुलाई 2024 तक का वेतन भुगतान नही हुआ है,वेतन भुगतान न होने से उक्त शिक्षकों व कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है,वेतन भुगतान न होने की बजह से उनके बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है,उक्त शिकायत शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा लिखित रूप में लहार एसडीएम को दोबारा एक और लिखित आवेदन दिया गया है साथ ही भिण्ड कलेक्टर,मानव अधिकार अध्यक्ष,मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण विभाग बल्लभ भवन भोपाल को की गई है।